अंबाला कैंट थाने के एसएचओ को ‘होम मिनिस्टिर मेडल’ से अलंकृत किये जाने की घोषणा

चर्चा में क्यों?

- 28 जुलाई, 2023 को हरियाणा के गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज द्वारा राज्य को नशामुक्त बनाने की दिशा में गत दिनों पाँच करोड़ रुपए की हेरोइन को पकड़ने वाले अंबाला कैंट थाने के एसएचओ नरेश कुमार को ‘होम मिनिस्टिर मेडल’ (गृह मंत्री उत्कृष्ट अन्वेषण पदक) से अलंकृत करने की घोषणा की गई है।

प्रमुख बिंदु

- होम मिनिस्टिर मेडल के साथ-साथ इंस्पेक्टर नरेश कुमार को एक लाख रुपए पुरस्कार स्वरूप एवं छह माह सेवा में विस्तार भी प्रदान किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि इंस्पेक्टर नरेश कुमार ने गत दिनों ही अंबाला छावनी में एक किलोग्राम हेरोइन सहित नशा तस्कर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की थी। पकड़ी गई हेरोइन की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाज़ार में पाँच करोड़ रुपए है।
गृह मंत्री अनिल विज ने बताया कि पुलिसकर्मियों के उत्कृष्ट कार्य को सम्मान प्रदान करने के लिये 30 पुरस्कारों की घोषणा की गई थी, जिनमें 10 पुरस्कार मुख्यमंत्री, 10 पुरस्कार गृह मंत्री तथा 10 पुरस्कार पुलिस महानिदेशक द्वारा दिये जाने हैं। गत दिवस मंत्रिमंडल की बैठक में इन पुरस्कारों के प्रस्ताव को पारित भी किया गया था।
मुख्यमंत्री वीरता पदक और गृहमंत्री उत्कृष्ट अन्वेषण पदक के विजेताओं को क्रमश: 2 लाख रुपए और 1 लाख रुपए का नकद पुरस्कार, मुख्यमंत्री व गृह मंत्री द्वारा हस्ताक्षरित प्रमाण-पत्र व स्क्रॉल मिलेगा। पदक विजेता पुलिसकर्मियों को सेवा में छह महीने का विस्तार मिलेगा।
इसके अलावा, पुलिस महानिदेशक उत्तम सेवा पदक से सम्मानित होने वाले कर्मियों को डीजीपी का हस्ताक्षरित प्रमाण-पत्र व स्क्रॉल सहित पदक और 50 हज़ार रुपए मिलेंगे।
प्रत्येक श्रेणी में पदकों की संख्या अधिकतम 10 होगी, यानी अधिकतम 30 पुलिसकर्मियों को पुरस्कृत किया जा सकेगा।
भ्रष्टाचार व अन्य मामले में फँसने पर पदक वापस लेने की स्थिति में सेवा विस्तार का लाभ नहीं मिलेगा, लेकिन नकद पुरस्कार वापस नहीं लिया जाएगा।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/sho-of-ambala-cantt-police-station-to-be-decorated-with-home-minister-s-medal